HAMIRPUR POLICE

श्रीमान ए0डी0जी0 जोन प्रयागराज द्वारा जनपद हमीरपुर का किया निरीक्षणः-

आज दिनांक 09/02/2021 को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा जनपद हमीरपुर का निरीक्षण किया गया, महोदय द्वारा गार्द से सलामी ली गयी, तत्पश्चात पुलिस कार्यालय जनपद हमीरपुर का निरीक्षण किया गया, कार्यालय के भवन/समस्त शाखा कार्यालयों व अभिलेखों का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय/शाखाओं में अभिलेखों के रख-रखाव व नियमित कार्यवाही पर संतुष्टि प्रकट की गयी, इसी क्रम में महोदय द्वारा सैनिक सम्मेलन कर समस्त अधिकारी/कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को पूछा गया व निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए, बाद पुलिस ऑफिस निरीक्षण महोदय द्वारा थाना सुमेरपुर का निरीक्षण किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए, पुलिस ऑफिस एवं थाना सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों आरक्षी अनुराग कुमार, अमित सागर, अमित चौधरी(सोशल मीडिया सेल), उर्दू अनुवादक मो0 इमरान, सावित्री(वि0जाँ0प्र0), प्रिया(डी0सी0आर0बी0), सोनम व अपेक्षा थाना सुमेरपुर प्रत्येक को 500/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।